संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल–05/2020/1535 भोपाल, दिनांक 3/9/2020

–:: **आदेश** ::–

संचालनालय के आदेश क./01 जी/विज्ञप्त/सेल–5/2019/1173 भोपाल, दिनांक 04.07.2020 द्वारा डॉ. जे.आर.त्रिवेदिया शिशुरोग विशेषज्ञ, को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–अशोकनगर के प्रभार से मुक्त करते हुए जिला चिकित्सालय सिंगरौली में शिशुरोग विशेषज्ञ के रिक्त पद पर पदस्थ किया गया था ।

उक्त स्थानांतरण आदेश के विरूद्ध डॉ. जे.आर.त्रिवेदिया द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क. 9658/2020 दर्ज की गई थी, याचिका पर जारी आदेश दिनांक 22.07.2020 में संबंधित के अभ्यावेदन का निराकरण एक माह में किये जाने एवं अभ्यावेदन का निराकरण होने तक संबंधित को जिला चिकित्सालय अशोकनगर में शिशुरोग विशेषज्ञ के पद पर कार्य करने की अनुमति प्रदान की गई ।

मान. न्यायालय निर्णय के पालन में संबंधित द्वारा दिनांक 24.07.2020 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–अशोकनगर को उपस्थिति प्रस्तुत की गई । डॉ. त्रिवेदिया द्वारा नवीन अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,अशोकनगर के पत्र क.6053–54 दिनांक 06.07.2020 को डॉ.जे.आर. त्रिवेदिया का आवेदन संलग्न प्राप्त हुआ है जिसमें संचालनालय के आदेश दिनांक 04.07.2020 को निरस्त किये जाने हेतु डॉ.त्रिवेदिया द्वारा लेख किया है कि सेवावृत्त में मात्र 01 वर्ष का समय होने, स्वयं को ब्लड केंसर की गंभीर बीमारी होने तथा कोविड–19 को देखते हुए स्थानांतरण निरस्त/संशोधन किया जावे ।

उपरोक्तानुसार मान.उच्च न्यायालय द्वारा याचिका में पारित आदेश दिनांक 22.07.2020, सामान्य प्रशासन विभाग म.प्र. शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति वर्ष 2019–20 में उल्लेखित बिन्दुओं एवं संबंधित से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचारोपरांत डॉ. जे.आर.त्रिवेदिया शिशुरोग विशेषज्ञ की संचालनालय आदेश दिनांक 04.07.2020 द्वारा की गई पदस्थापना में आंशिक संशोधन कर जिला चिकित्सालय अशोकनगर में शिशुरोग विशेषज्ञ के पद पर पदस्थ किया जाता है ।

2/9/2020
(सपना एम.लोवंशी)
अपर संचालक (विज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
म0प्र0

पृ0क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल–05/2020/1536 भोपाल, दिनांक 3/9/2020

प्रतिलिपः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01 विशेष सहायक माननीय मंत्री जी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल म0प्र0।
02. अपर प्रमुख सचिव/ म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भोपाल,म0प्र0।
03. स्वास्थ्य आयुक्त, मध्यप्रदेश,म0प्र ।
04. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, रीवा/ग्वालियर संभाग म0प्र0।
05 अपर संचालक (प्रशासन/लीगल) स्थानीय कार्यालय की ओर मान. न्यायालय प्रकरण के संदर्भ में।
06 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला–अशोकनगर/भिण्ड/सिंगरौली म0प्र0।
07. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,जिला– अशोकनगर/भिण्ड/सिंगरौली म.प्र. ।
08. जिला कोषालय अधिकारी जिला– अशोकनगर/भिण्ड/सिंगरौली म0प्र0।
09. संबंधित डॉ.जे.आर.त्रिवेदिया शिशुरोग विशेषज्ञ की ओर तत्काल पालनार्थ म0प्र0।
10. प्रभारी एम0आई0एस0,स्थानीय कार्यालय, भोपाल म0प्र0।

2/9/2020
अपर संचालक (विज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,म0प्र0